(4)

डायरी संख्या 792
फाइल सं० 3301
दिनांक 22/2/16

::आदेश::

शासनादेश संख्या 936/X–15/1(492)/2015 दिनाँक 30.10.2015 के द्वारा जनपद टिहरी गढ़वाल में दादेली–भडोली मोटर मार्ग निर्माण हेतु 1.188हे0 वन भूमि के गैरवानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को कतिपय प्रतिबन्धों/शर्तों के अधीन सैद्धान्तिक स्वीकृति निर्गत की गई है। उक्त स्वीकृति की शर्त संख्या–1 के अनुसार प्रश्नगत मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.188हे0 वन भूमि के प्रत्यावर्तन के सापेक्ष जनपद की 2.376हे0 सिविल सोयम भूमि क्षतिपूरक वृक्षारोपण के दृष्टिगत वन विभाग के पक्ष में नामान्तरित एवं हस्तान्तरित किये जाने की शर्त लगायी गई है।

उक्तानुपालन में उप जिलाधिकारी कीर्तिनगर द्वारा तहसील देवप्रयाग की भूमि निम्नवत् प्रस्तावित की गई है:–

| ग्राम | पट्टी | खाता संख्या | खसरा संख्या | अर्जित रक्वा (हे0में) | भूमि की किस्म |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | | 03 | 04 | 05 |
| सिरणीगाँव | चन्द्रबदनी | 36 | 540म0 | 1.064 | उत्तराखण्ड सरकार श्रेणी 9(3)ङ |
| | | | 524म0 | 1.312 | |
| योग | | | | 2.376 | |

उक्त प्रस्तावित कार्य हेतु शासनादेश सँख्या 2882/XVIII(II) 11–18 (120)/2010 दिनाँक 11.11.2011 एवं 2365/XVIII(II)/13–18(120)/2010 टी0सी0 दिनाँक 14 अक्टूबर 2013 के द्वारा प्राप्त दिशा–निर्देशानुसार प्रस्तावित 1.224हे0 वन भूमि के सापेक्ष दुगनी 2.448हे0 सिविल सोयम भूमि वन विभाग के नाम प्रत्यावर्तन किया जाना है।

अतएव शासनादेश संख्या 2173/XVIII(II)/2012–18 (120)/2010 राजस्व अनुभाग दिनाँक 17 दिसम्बर 2012 के क्रम में उपजिलाधिकारी कीर्तिनगर द्वारा प्रस्तावित की गयी कुल 2.448हे0 राजस्व सिविल भूमि उल्लिखित शासनादेशों के आलोक में व्यापक जनहित के दृष्टिगत नरेन्द्रनगर वन प्रभाग मुनिकीरेती को क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु अंतरित की जाती है।

तहसीलदार देवप्रयाग तत्काल उक्त भूमि का राजस्व अभिलेखों में नामान्तरण/इन्द्राजी करना सुनिश्चित करें।

जिला अधिकारी,
टिहरी गढ़वाल।

LAC
28/07/16

**कार्यालय जिला अधिकारी, टिहरी गढ़वाल।**

संख्या–2066/XXVI- 40 (2014–15) दिनांक नई टिहरी जून,21 2016

प्रतिलिपि– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– सचिव वन विभाग उत्तराखण्ड शासन।
2– आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद, उत्तराखण्ड।
3– आयुक्त, गढ़वाल मण्डल पौड़ी।
4– नोडल अधिकारी वन भूमि हस्तान्तरण वन विभाग उत्तराखण्ड देहरादून।
5– प्रभागीय वनाधिकारी नरेन्द्रनगर वन प्रभाग मुनिकीरेती।
6– उपजिलाधिकारी कीर्तिनगर।
7– अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड लोक निर्माण विभाग कीर्तिनगर।
8– तहसीलदार देवप्रयाग।

आवक सं0 92/12-1(2)
दिनांक 6/07/2016
प्र0व0अ0 कार्या0
नरेन्द्रनगर वन प्रभाग मुनि-की-रेती

जिला अधिकारी,
टिहरी गढ़वाल।

05/07/16

P.T.O.